# साहित्य अकादमी पुस्तक मेले का समापन

# 10 दिवसीय साहित्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित






साहित्यिक कार्यक्रम की एक दृश्य व (दाएं) पुस्तक मेला देख रहे पुस्तक प्रेमी।

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (म्सिरदीप भाटिया): साहित्य अकादमी द्वारा लगाया गया पुस्तक मेला समाप्त हो गया। इस दिन 32 साहित्य अकादमी के प्रांगण में चले मेले में 40 से ज्यादा प्रसिद्ध प्रकाशकों ने भाग लिया। प्रतिदिन होने वाले साहित्यक व सभ्याचार कार्यक्रमों में 200 से ज्यादा लेखकों व कलाकारों ने भाग लिया। आयोजित किए गए कार्यक्रमों में बहुभाषाई कहानी पाठ, आदिवासी लेखक सम्मेलन, गीत संध्या, ग़ज़ल संध्या, मुशायरा, मिन्नी कहानी पाठ, व्यंग्य पाठ व कवि विषयों पर चर्चा आदि प्रमुख थे।

## 200 से ज्यादा लेखकों व कहानीकारों ने लिया भाग

लेखक के साथ संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत नासिरा शर्मा, अशोक चक्रधर, अशोक तिवाड़ी व ओम निश्चल ने बातचीत की। सभ्याचारक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने गायन, वादन व नृत्य पेश किया, जिसकी दर्शकों ने भरपूर प्रशंसा की। मौके पर शामिल प्रकाशकों ने 25 से ज्यादा साहित्यक कार्यक्रम किए। बच्चों में पठन-पाठन की संस्कृति विकसित करने के लिए साहित्य अकादमी ने स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न मुकाबले जैसे चित्रकला मुकाबला, कविता पाठ मुकाबला व कहानी पाठ मुकाबले का भी आयोजन किया, जिसमें 12 से ज्यादा स्कूलों के लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। पुस्तक मेले के दौरान प्रत्येक आयु के पुस्तक प्रेमियों ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में भाग लिया।